प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **रांची समेत राज्य भर में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, आंधी से पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से कई इलाकों में चरमराई बिजली व्यवस्था, उफान पर नदियां, तेनुघाट डैम के खोले गए 6 गेट।**
2. **मौसम विभाग ने रांची, गुमला, खूंटी, सरायकेला समेत कई जिलों में आज मूसलाधार बारिश का जारी किया रेड अलर्ट, गढ़वा में वज्रपात से एक बच्चे की मौत, 18 सितंबर से मौसम सामान्य होने की संभावना।**
3. **पाकुड़ में आज मांझी परगना महासम्मेलन का आयोजन, पूर्व मुख्यमंत्री चपांई सोरेन होंगे शामिल, संथाल में आदिवासियों की घटती आबादी और जमीन लूट को रोकने के लिए ग्राम प्रधानों तथा मार्गदर्शकों के साथ होगी चर्चा।**
4. **आधार कार्ड में निःशुल्क बदलाव की बढ़ी समयसीमा, अब 14 दिसंबर तक कर पाएंगे जरूरी अपडेट।**
5. **और झारखंड समेत देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा ईद मिलाद–उन–नबी पर्व, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।**

****

रांची समेत राज्य भर में तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। विभिन्न जिलों में कई कच्चों घरों को नुकसान पहुंचा है साथ ही कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति भी बन गई है। आंधी के कारण कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। झरिया और गिरिडीह जिले में भूधसान की भी सूचना है । भारी बारिश के कारण प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बोकारो जिले में तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण खतरे के निशान तक पानी भर जाने के कारण तेनू घाट डैम के छह गेटों को खोल दिया गया है। बोकारो जिले का हाल बात रहे हैं हमारे संवादाता

इधर पिछले 48 घंटे से ज्यादा समय से कोडरमा समेत आसपास के इलाकों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। कोडरमा संवाददाता ने बताया कि बीती रात मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण शहर में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई ।

गढ़वा जिले में भी आज तीसरे दिन लगातार भारी बारिश हो रही है। जिले की कोयल, सोन, कनहर समेत कई नदियां उफान पर हैं । जिले में बारिश से बने हालात का ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से खूंटी जिले में भी जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि लगातार वर्षा से खेत, तालाब, नदी –'नाले और जलप्रपात जलमग्न हो गए हैं।

रामगढ़ जिले में भी मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। लेकिन कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। भारी बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है । रामगढ़ जिले का हाल बता रहे हैं हमारे रामगढ़ संवाददाता।

****

मौसम विभाग ने रांची,सिमडेगा, पलामू समेत राज्य के कई जिलों में आज अत्याधिक बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि इस दौरान हवा की गति भी काफी तेज रहेगी। जिसे लेकर लोगों को खास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है ।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन आज पाकुड़ जिले के हिरनपुर प्रखण्ड के डांगापाड़ा फुटबॉल मैदान में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में शामिल होंगे। इसमें संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिलों के ग्राम प्रधान सहित आदिवासी समाज के पारंपरिक व्यवस्था को संचालित करने वाले नाइकी गुडित हिस्सा लेंगे। इस दौरान संथाल में आदिवासियों की घटती जनसंख्या और जमीन लूट को रोकने के लिए ग्राम प्रधानों से रायशुमारी के साथ आगे की रणनीति पर भी खुलकर चर्चा होगी। अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

लोहरदगा जिले में लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री लघु कुटीर विकास बोर्ड की ओर से कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों के पलायन को रोकने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

आधार कार्ड को अपडेट करने की समयसीमा बढ़ गई है। अब 14 दिसंबर तक बिना शुल्क दिए जरूरी बदलाव किया जा सकता है। पहले इसकी अंतिम तिथि 14 सितंबर थी। निशुल्क सेवा माय आधार पोर्टल पर उपलब्ध है।

****

पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी पर्व आज देश के विभिन्न भागों में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को ईद ए मिलाद की शुभकामनाएं दी हैं

*********समाप्त*********